हरिभूमि

शौर्य भूमि

5

जबलपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

खबर संक्षेप

मोगली बाल उत्सव में मंडला विकासखंड विजेता, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व

मण्डला। भारत ज्योति विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक एम.एस. सेंदराम, एपीसी श्री मुकेश पांडे, वरिष्ठ पर्यावरणविद श्री राजेश छत्री एवं भारत ज्योति विद्यालय के प्राचार्य सी.वी. जोसेफ उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने कहा कि मोगली उत्सव विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं प्रकृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वरिष्ठ पर्यावरणविद श्री राजेश छत्री ने विद्यार्थियों को मोगली उत्सव के इतिहास एवं राज्य स्तरीय आयोजन की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों की टीमों ने सहभागिता की। मोगली क्विज का संचालन पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम प्रभारी एवं क्विज मास्टर श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया। कनिष्ठ वर्ग में फाल्गुनी रजक एवं तरुण सिंगोर तथा वरिष्ठ वर्ग में सुमित परते एवं अंशिका चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडला विकासखंड ने दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति किया जागरूक, केवाईसी अपडेट कराने की अपील

मण्डला। वित्तीय साक्षरता अभियान के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता केंद्र मंडला, नैनपुर, निवास, नारायणगंज, बिछिया एवं मवई की चयनित ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को अपने संबंधित बैंक अथवा कियोस्क सेंटर पर जाकर समय पर केवाईसी अपडेट कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन, बैंकिंग सेवाओं के उचित उपयोग तथा साइबर एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

राजेश विश्वकर्मा का निधन

भुआबिछिया। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक विनोद रंगमंच दुर्गोत्सव एवं रामलीला समिति के सह संचालक राजेश विश्वकर्मा का इलाज के दौरान नागपुर में देहांत हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर मुक्ति धाम में किया गया।

सेवा संकल्प यात्रा पहुंची मंडला, भारतीय जनता पार्टी ने किया भव्य स्वागत

सेवा-सुशासन और जनभागीदारी का दिया संदेश





* वडनगर से प्रारंभ होकर वाराणसी तक जायेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

वडनगर से वाराणसी तक निकली सेवा संकल्प यात्रा ग्रामीण मंडल मंडला अंतर्गत ग्राम पंचायत जारगी पहुंची। यहां यात्रा में शामिल बाइकर्स और यात्रियों का भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्वागत किया। इस दौरान शंकर शाह और रघुनाथ शाह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवालए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईकेए गुजरात के बारडोली से सांसद श्री प्रभु वसावा और भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारीए कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। यहां ग्रामीणों से संवाद करते हुए प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा का उद्देश्य सेवाए सुशासन और जनभागीदारी के संदेश को जन.जन तक पहुंचाना है। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि सेवा और जनभागीदारी से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। सरकार गरीबए किसानए श्रमिक और जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी और जनसंवाद को गांव.गांव तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा केवल यात्रा नहींए बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और राष्ट्रहित के भाव से जोड़ने का अभियान है। कार्यकर्ता यात्रा के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को जनभागीदारी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों से संवाद

यात्रा के दौरान मोहन टोला स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कॉलोनी में हितग्राहियों से संवाद किया गया। गुजरात के बारडोली लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री प्रभुभाई वसावा ने भी हितग्राहियों से उनके अनुभव जाने। प्रभारी मंत्री एवं सांसद ने आवास योजना के तहत मिले लाभए आवास निर्माण और योजना से जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने से उन्हें कच्चे घर की परेशानियों से राहत मिली है। बारिश सहित मौसम की विपरीत परिस्थितियों में परिवार को सुरक्षित छत मिली और जीवन में स्थायित्व आया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पात्र और जरूरतमंद परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं संपतिया उईके ने कहा कि जिन परिवारों के लिए पक्का मकान सपना थाए उन्हें योजना के माध्यम से सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का आधार मिला है। सांसद प्रभुभाई वसावा ने भी हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।



सरदार पटेल कॉलेज में युवा संवाद

यात्रा के दौरान सरदार पटेल कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों और बाइकर्स ने कॉलेज के विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षाए युवा सहभागिता और भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की। विद्यार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं और उनके लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं से भी विशेष संवाद किया गया। छात्राओं से उनकी पढ़ाईए आवश्यकताओं और शिक्षा के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, गुजरात के बारडोली से सांसद प्रभु वसावा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सरदार पटेल विश्व विद्यालय के कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति वीरेश्वर सिंह, विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज के प्राचार्य आशीष ज्योतिषी, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी, कार्यक्रम प्रभारी विकास यादव उपस्थित रहे।

श्रमिकों से संवाद, पौधरोपण और सहभोज

सेवा संकल्प बाइक यात्रा के तहत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसरए ग्राम खैरी में श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल और कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने श्रमिकों से चर्चा कर उनकी दिनचर्याए कार्य और शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। सांसद प्रभुभाई वसावा ने भी श्रमिकों से संवाद किया। इस अवसर प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल जी ने कहा कि श्रमिक देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार का प्रयास है कि श्रमिकों और उनके परिवारों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। संपतिया उईके ने कहा कि श्रमिकोंए गरीबों और जरूरतमंद परिवारों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। संवाद के बाद प्रभारी मंत्रीए कैबिनेट मंत्रीए सांसदए बाइकर्स और अन्य अतिथियों ने श्रमिकों के साथ बैठकर सहभोज किया। श्रमिकों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

नगर पालिका टाउन हॉल में स्वच्छता मित्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके और सांसद प्रभु भाई वसावा ने स्वच्छता मित्रों से संवाद कर उनके कार्य और अनुभवों की जानकारी ली। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया गया। संपतिया उईके ने कहा कि स्वच्छता मित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिकों के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के लिए उनका योगदान महत्वपूर्ण है। स्वच्छता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहींए बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा दायित्व है। सांसद प्रभु भाई वसावा ने भी स्वच्छता मित्रों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों ने स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। इस दौरान श्रमिकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की चिंता, आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



भुआबिछिया। नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आयोजित इस शिविर का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्री शशिकांत श्रीवास्तव सहित नगर परिषद के स्वच्छता कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छता कार्य में प्रतिदिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने में स्वच्छता कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे प्रतिदिन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की देखभाल और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के माध्यम से "स्वच्छ शहर के साथ स्वस्थ स्वच्छता कर्मी" का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वच्छता कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रदान की गई सेवाओं का लाभ लिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन समारोह आयोजित

भुआबिछिया। नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों एवं माताओं के लिए पोषण, शिक्षा एवं सम्मान के केंद्र के रूप में विकसित करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10, 04, 05 स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों में शासन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित माताओं एवं बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली पोषण एवं शैक्षणिक सुविधाओं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोमत धुर्वे, माला पाण्डेय सहित आंगनवाड़ी सहायिकाएं, गणमान्य नागरिक, माताएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी भवनों के आसपास वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान न होकर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हों, ताकि बच्चों एवं माताओं को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

अनदेखी | मनेरी औद्योगिक क्षेत्र की ओरियंटल इथेनॉल कंपनी की मनमानी।

वेस्ट मटेरियल से खराब हुई फसल और पौधे





* बारिश के चलते दूसरे खेतों तक पहुंचा यह जहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास

कम्पनी के गैरजिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा कम्पनी से निकला वेस्ट मेटेरियल जो फसल व वृक्षों के लिये बेहद घातक बताया जा रहा है, इस वेस्ट सामग्री को किसानों के लगभग 2 एकड़ के खेतों में फेक दिया गया है।

उक्त खतरनाक मेटेरियल हाल में हुई बारिस में बहकर किसानों के खेतों में लगभग दो फिट कि मोटाई में फैलकर जम गया है, जिससे न सिर्फ धान की खड़ी फसल बर्बाद हो गई बल्कि इनकी अगली खेती भी हो पाना मुश्किल हो गया है।

इसकी जानकारी लगने पर किसानों व तागबेली ग्राम वासियों ने प्रशासन से लिखित में शिकायत की,लेकिन समस्या का समाधान न होने पर पीड़ति आवेदकों को मंडला कलेक्टर को शिकायत की है।

अब देखना यह है कि किसानों कि समस्या का समाधान होता है या नहीं या उक्त किसान ऐसे ही शिकायत दर शिकायत करते रहेंगे।

इथेनॉल कम्पनी कर रही पर्यावरण से बड़ा खिलवाड़

ज्ञात हो कम्पनी के जिम्मेदारों द्वारा दर्जनों ट्रेक्टर ट्रोली व ट्रक में भरकर खेतों में रासायनिक युक्त महीन डस्ट को छुपके 2 किसानों की निजी भूमि में फेका गया है, रासायनिक जानकारों का मानना है कि इस तरह के डस्ट के जमीन में जमजाने से कई वर्षों तक खेती करना या फसल उगाना कठिन हो जायेगा।

खतरनाक रासायन मिक्स राखड़ खुले में फेकना है अपराध

किसी भी कारखाना या रासायन निर्माण कम्पनी द्वारा किसी उत्पाद में उपयोग आने वाले घातक मेटेरियल या वेस्ट वस्तुओं को खुले में रखना या फेकना पर्यावरण सहित मानव व वन्य जीवों के लिये न सिर्फ हानिकारक है बल्कि शासन द्वारा कम्पनी को शसर्त मिली अनुमति के विरुद्ध भी है। आवेदकों द्वारा कम्पनी के ऊपर विधि अनुरूप कार्रवाई करते हुये नुकसान के मुआवजा की मांग की गई है।

इनका कहना है-

स्थानीय प्रशासन द्वारा सुनवाई न किये जाने से पीड़ति किसानों के साथ में खुद शिकायत करने गया था, कम्पनी को दंड न मिलने व किसानों को मुआवजा नहीं मिलने पर बड़ा आंदोलन किया जा सकता है।

-मनेरी सरपंच, नारायण धूमकेती

राष्ट्रीय धरोहर बैगा बसाहट आज भी कीचड़ में कैद



* 2.5 कि.मी. सड़क के लिए तरस रहा कन्हारीकला आमा टोला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिसे सरकार राष्ट्रीय जनजातीय धरोहर कहती है, वही बैगा बसाहट आज भी विकास से कोसों दूर है। बिछिया ब्लॉक की कन्हारीकला पंचायत का आमा टोला - एक संरक्षित बैगा बसाहट - पिछले कई सालों से ढाई किलोमीटर पक्की सड़क के लिए गुहार लगा रहा है।

यहां रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों का मुख्य रास्ता कन्हारीकला से आमा टोला तक करीब 2.5 किमी पूरी तरह कीचड़ और गहरे गड्ढों में बदल चुका है। पत्थर-गिट्टी निकली हुई है। बरसात में ये रास्ता दलदल बन जाता है।

बैगा बसाहट में जन-मन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के चलते भी विकास के दावे फेल

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क न होने से बैगा बच्चों की पढ़ाई छूट रही है, बच्चे कीचड़ के कारण स्कूल नहीं पहुंच पाते। सबसे बड़ी त्रासदी ये है कि बीमार होने पर इस सीधी सड़क होते हुए एंबुलेंस तक गांव में नहीं आ पाती, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को खाट पर लादकर ले जाना पड़ता है। क्या राष्ट्रीय जनजातीय बसाहट में रहने वाले बैगाओं को यही विकास नसीब है?

29 सितंबर को ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर गुहार लगाई है। बिछिया के कन्हारी टोला आमा टोला के बैगा आदिवासियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को सड़क के लिए आवेदन दिया है।

परोपकारी मंच आया आगे

बैगा बसाहट की दुर्दशा देख परोपकारी मंच से पी.डी. खैरवार, सहजान परस्ते और चंद्रगुप्त नामदेव ने ग्रामीणों की मांगों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बैगा बसाहट को सड़क न देना आदिवासी अधिकारों का हनन है। मंच ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए समस्या के समाधान तक साथ देने का वादा भी किया है। इनका मानना है कि जब जिले की पहचान बैगा जनजाति है, तो उनकी बसाहटें ही आजादी के सात दशक बाद भी कीचड़ में क्यों कैद हैं।

खबर संक्षेप

पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

चीचली। जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी जारी किये गये थें। मगर वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों द्वारा मात्र अखबारों में ईश्हार निकलवाने तक की कार्यवाही करते हुये अपनी खाना पूर्ति करते हुये नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है और इसी का परिणाम है कि शासन का आदेश इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग पर बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है...? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाई जाने लगी है, जिसके चलते किसी भी पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है और शायद इसी सोच के चलते शासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थें, मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि बाजार में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है।

खुशनुमा मौसम में लोग ले रहे हुक्का पीने का आनंद

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि जहां नगर के बाजार व शहर की सड़कों के किनारे लगी पान दुकानों पर गुटखों की झालरे लटकना तथा सिगरेट के पैकेटों की सजावट अब बड़ी बात नही रह गई है। क्योंकि नगर की पान दुकानों पर अनेक प्रकार के गुटखों सहित जिस प्रकार की सामग्री विक्रय हो रही है उसके चलते जहां युवाओं का पान दुकानों की ओर अपने आप ही रूख किये जाने लगा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बदलते दौर में अब पान की दुकानों से इत्र, सेंट की बिक्री होने के साथ ही वर्षों से बुजुर्गों व रईसों की बैठको में रखे जाने वाले नई डिजाईन के हुक्के भी बिकने लगे है, जिन्हें पीने के लिए 100 रूपया की महीन तम्बाखू की पट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिसको लेकर नगर की अनेक पान दुकानों के संचालको ने जानकारी देते हुए बताया है कि महा नगरों से बुलाये गये इन कांच के आकर्षक हुक्कों की बारिश के दिनों में जोरदार बिक्री हो रही है और बारिश के खुशनुमा मौसम में नगर के स्टाईलिश माने जाने वाले युवा भी अब हुक्का पीने का आनंद लेने लगे है, यह बात अलग है कि पहले इन हुक्कों का उपयोग बड़े बड़े राईश लोगों द्वारा किया जाता था मगर अब इनका चलन युवा पीढ़ी में देखने मिल रहा है जिसके चलते नगर में हुक्कों की दुकाने भी सजते हुए दिखाई देने लगी है।

बारिश के दौरान बीमारियों को लगे पंख, इलाज महंगा होने से मरीजों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर और क्षेत्र के अधिकांश गांवो में सफाई व्यवस्था की कमी और बारिश के चल रहे दिनों में जल प्लावन होने से क्षेत्र में अरबो मच्छर कई तरह की बीमारियो में वायरल फैला रहे है, शहर के शासकीय चिकित्सालय, ग्रामो के सामुदायिक केंद्रो के अलावा निजी अस्पतालो में मच्छर जनित बीमरियों से पीड़ति मरीजो की कतारे लग रही है। बताया गया है कि चिकित्सालयो में इन दिनों सर्वाधिक मरीज मलेरिया, शरीर में दर्द, पेट सम्बंधी बीमारियों के पहुँच रहे है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर डाक्टरों को मरीजो का उपचार करने की जगह अपने मनी बेग ठसा ठस भरने की परवाह रहती है। मरीजों के परिजनो का कहना है कि नगर के शासकीय चिकित्सालयो में अव्यवस्था का बोल बाला होने से और इसके चिकित्सकों के प्राइवेट प्रेक्टिस में अधिक रूचि लेने से मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाऐं नही मिल रही है? शासकीय चिकित्सालय के सामने परिसर में भरे गंदे पानी व व्याप्त गंदगी से मरीजो और उनके परिजनो को दिक्कत हो रही है तथा मरीजो को बाहर रेफर करने के खेल के चलते मरीजों के साथ उनकी सेवा करनें वाले परिजन भी हलाकान हो रहे हैं।

जरा सी बारिश होते ही कॉलोनी व मुहल्लों में पैदल पहुंचना हो जाता है मुश्किल ...

दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में वर्षों से बिछाई जा रही सीवरेज लाईन आज भी दिखाई दे रही है अधूरा









हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शहर हो या फिर कस्बा वहां पर निवास करने वाले सभी लोग अपने क्षेत्र का विकास चाहते है। मगर कभी कभी देखा जाता है कि विकास कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले लोगों द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया जाता है। निश्चित ही वहां परनिवास करने वाले लोगों के लिये अभिशाप बनने से नही चूकता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये नल जल योजना के तहत सीवरेज पाईप लाईन डालने के लिये जिस प्रकार से बाहर से आई हुई एक कंपनी द्वारा छः सात साल पहले से किया जा रहा है। मगर वह आज भी अधूरा पड़ा होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस कार्य पूर्ण होने की अवधि समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्णतः की ओर नही पहुंच पाया है..? जिसका परिणाम है कि हर वर्ष बारिश का दौर शुरू होते ही नगर के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूकता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय चल रहे बारिश के दौर में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि 33.73 करोड़ रूपया की अनुमानित लागत से पूर्ण होने वाली इस योजना के कार्य का शुभारंभ 5 अगस्त 2018 से शुरू होकर 2 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य था। मगर यह कागजों में तो शायद पूर्ण हो चुकी होगी..? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस कार्य को जिस प्रकार से नगर के अंदर मुख्य सड़कों की खुदाई की गई है उसके चलते नगर के अंदर की स्थिति इस तरह की बनी हुई है कि जरा सी बारिश होते ही जहां लोगों को अपने घरों तक पैदल पहुंचना तक मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नगर के अंदर मुख्य सड़को के बीचों बीच की गई खुदाई के कारण सड़को का नामोनिशान मिट चुका था और सुधार के नाम पर निभाई गई औचारिकता के चलते जरा बारिश होते ही नगर की सड़को पर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की गति धीमी होने के कारण यह परेशानी नगर के लोग बीते हुये लगभग 6-7 साल से भोगते चले आ रहे है। वही दूसरी ओर जिस तरह से नगर परिषद द्वारा कुछ वर्ष पहले नगर के अंदर शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये जिन सीमेन्ट सड़को का निर्माण किया गया था वह सड़के भी इस योजना की भेंट चढ़ चुकी है जिससे नगर परिषद को भारी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस सच्चाई को लेकर नगर के लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन सड़को की खुदाई एक साइड से करते हुये पाईप लाईन डाली गई होती तो निश्चित ही आम लोगों को परेशानी का सामना करने से निजात मिलने के साथ साथ सड़को को भी सुरक्षित बचाया जा सकता था। मगर इस कंपनी द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये नगर के अंदर मुख्य सड़को से लेकर कालोनियों में जिस तरह से बीचों बीच खुदाई कर दी गई है उसके चलते जहां नगर के लोग लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है..? जबकि बताया जाता है कि इस प्रकार से जल सप्लाई सहित अन्य लाईनों को यदि शहर के अंदर से डाला जाता है तो सड़कों के किनारे मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराये जाने के नियम है? मगर यहां पर देखने मिल रहा है कि जिस प्रकार से नगर के अंदर सड़को की मशीनों के माध्यम से खुदाई की गई है उसके चलते नगर की सड़के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों को भी मशीन की धमश के चलते क्षति पहुंचते हुये देखी जा चुकी है? इतना ही नही यदि सड़क के बीचों बीच डाली गई इस पाईप लाईन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह सांईखेड़ावासियों को भविष्य में भी परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जब इस योजना का कार्य पूर्ण हो चुका होगा और उस दौरान यदि पाईप लाईन में कभी कोई गड़बड़ी पैदा हो जाती है तो उसे ठीक करने के लिये फिर सड़क के बीचों बीच खुदाई करते हुये ही उस गड़बड़ी को ठीक किया जा सकेगा। इस स्थिति में चलते नगर की सड़को की खुदाई की नौबत सदा ही बनते हुये देखी जावेगी। इस तरह सदा ही शहर में खुदाई को दौर चलने से नही चूक पायेगा? यदि इस पाईप लाईन को सड़क किनारे से डाली गई होती तो निश्चित ही माध्यम से खुदाई की गई है उसके चलते नगर की सड़के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों को भी मशीन की धमश के चलते क्षति पहुंचते हुये देखी जा चुकी है? इतना ही नही यदि सड़क के बीचों बीच डाली गई इस पाईप लाईन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह सांईखेड़ावासियों को भविष्य में भी परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जब इस योजना का कार्य पूर्ण हो चुका होगा और उस दौरान यदि पाईप लाईन में कभी कोई गड़बड़ी पैदा हो जाती है तो उसे ठीक करने के लिये फिर सड़क के बीचों बीच खुदाई करते हुये ही उस गड़बड़ी को ठीक किया जा सकेगा। इस स्थिति में चलते नगर की सड़को की खुदाई की नौबत सदा ही बनते हुये देखी जावेगी। इस तरह सदा ही शहर में खुदाई को दौर चलने से नही चूक पायेगा? यदि इस पाईप लाईन को सड़क किनारे से डाली गई होती तो निश्चित ही नगरवासियों को वर्तमान समय से लेकर भविष्य में भी परेशानियों से निजात मिल सकती थी। यदि इस कार्य को मशीन की जगह मजदूरों से कराया गया होता तो निश्चित तौर से नगर के लोगों को परेशानी से नही जूझना पड़ता। क्योंकि मशीन के माध्यम से कराया गये कार्य के चलते सड़को की खुदाई सड़को के बीचों बीच से होने के कारण नगर की संपूर्ण सड़के जहां खराब हो चुकी है जो जरा सी बारिश होते ही जहां दलदल का रूप धारण कर लेती है और यह हाल नगर के अंदर सदा ही बना रहेगा क्योंकि पाईप लाईन में भविष्य में खराबी आने या फिर नया कनेक्शन देने के दौरान सड़को की खुदाई होना आम बात बन जावेगी? इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समय रहते हुये किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण नगर की जनता को इस प्रकार की परेशानी सदा ही झेलते हुये देखा जाना आसम बात हो जावेगी?

धान कटोरा सालीचौका क्षेत्र के किसान पंजीयन को लेकर हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। कभी कभी देखा जाता है कि शासन के बैठे हुये अधिकारियों की अनदेखी कही जावे या फिर मनमानी के चलते अन्नदाता को किस तरह से परेशान होना पड़ता है..? इस बात की सच्चाई इस समय धान के कटोरा के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले सालीचौका के किसान जिस तरह धान के पंजीयन को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि शासन द्वारा किसानो की धान फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिये पंजीयन के लिये केन्द्रो को निर्धारण किया गया है। वैसे देखा जावे तो सालीचौका में धान खरीदी केन्द्रो की स्थापना तो की जाती है। मगर यहां पर पंजीयन केन्द्र नही बनाया गया है। सालीचौका क्षेत्र के किसानों को लगभग दस किलो मीटर दूर यानि की ग्राम इमालिया पंजीयन कराने के लिये जाना पड़ रहा है। इस स्थिति में किसानों को जहां आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जब सालीचौका में ही सहकारी सेवा समिति होने के बाद भी यहां पर पंजीयन केन्द्र की स्थापना नही करना निश्चित तौर से अधिकारियों की किसानों को परेशान किये जाने की सोच का परिणाम है। इस तरह सालीचौका में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जन किये जाने के लिये सालीचौका में पंजीयन केन्द्र की स्थापना नही किये जाने के चलते क्षेत्र के किसानों में आक्रोश फैलने से नही चूक रहा है।

स्कूल के समय भारी वाहनों पर नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है। मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है...? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है, वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है, मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है।

खड़ई ग्राम का छात्र रितेश करेगा राज्य स्तरीय तैराकी में संभाग का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि गांवों में प्रतिभाये नही होती हे, यदि उन्हें अवसर मिलता है तो उभरकर सामने आने में देर नही करती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खड़ई में देखने मिली है। बताया जाता है कि विगत दिनों कटनी जिले में आयोजित शालेय संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडई के छात्र रितेश कहार ने अंडर 19 फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ग्वालियर में होने वाली शालेय राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। इस छात्र की उपलब्धि पर संस्था प्रचार्य विवेक झारिया और संस्था की खेल शिक्षिका शीला लोधी एवं संस्था के शिक्षकों और छात्रों द्वारा रितेश कहार का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य झारिया ने कहा कि सफलता किसी शहर या आधुनिक संसाधनों की मोहताज नहीं होती, वह केवल आपकी अटूट इच्छा शक्ति और कड़ी मेहनत की दीवानी होती है। विदित हो कि राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता आने 6 से 10 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित होगी।

ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। बुधवार को विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन साईखेडा के सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय हाई स्कूल बिचुआ, पीएमश्री स्कूल पिपरिया कला, पीएमश्री बीटीआई गाडरवारा, शा उ मा वि बम्होरी कला, शासकीय आदर्श स्कूल गाडरवारा, शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा एवं सांदीपनी स्कूल साईखेड़ा के विद्यार्थियों ने सहभागिता की गई। बताया जाता है कि इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान और समाज विषय अंतर्गत उप विषय आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (ए.आई.),ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) आगे की राह, अंतरतारकीय आवास, महासागरों की बहाली भावी पीढ़ियों का संरक्षण पर नाटिकायें प्रस्तुत की गई। वही कार्यक्रम के अंत में प्रथम स्थान पर शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा, द्वितीय स्थान बीटीआई गाडरवारा और तृतीय स्थान -सान्दीपनि स्कूल साईखेड़ा के विद्यार्थी रहे। उक्त आयोजन विकास खंड विज्ञान अधिकारी के के राजोरिया की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न रहा। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री प्रियंका विश्वकर्मा रही। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन अर्चना तिवारी ने किया एवं सहयोगी में कीर्ति चौबे की अहम भूमिका रही।

गारंटी पीरियट तक भी नही चल पाई प्रधानमंत्री योजना की सड़क?

गाडरवारा। जब क्षेत्र में सड़कों का विकास होता है तो लोग खुशी के मारे फूले नही समाते है उन्हें लगता है कि गांवों में हो रहे सड़को के निर्माण से उनके बच्चों को रोजगार के अवसर पढ़गे? मगर उनकी खुशी चंद दिनों पूर्व बनी सड़कों की दुर्दशा को देखकर रह जाती है कि चंद दिनों पूर्व बनी सड़क टूटना शुरू हो जाती है? इस बात की सच्चाई वर्तमान में चंद वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम मगरमुहा से कान्हरगांव तक तथा ग्राम कान्हर गांव से महगंवा खुर्द सड़क में देखने मिल रही है। सड़क की सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि यह सड़क अपने गारंटी पीरियट को भी पूरा नही कर पाई ओर खुदना शुरू हो गई है? जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जब किसी सड़क का निर्माण होता है तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी की उस सड़क के टूट फूट व रख रखाब करने के लिए पांच वर्ष की गारंटी होती है? मगर इस सड़क को अभी मुश्किल से शायद पूरे पांच वर्ष भी नही हो पाये थें और सड़क टूटने लगी थी?

आखिरकार इस स्टैट हाईवे के कब आयेंगे अच्छे दिन.. टूटती सड़क में लगातार परेशान हो रहे वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज/कौडिया। जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगी है। वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए पेरशानी का कारण बनती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय स्टैट हाइवे माने जाने वाले गाडरवारा करेली मार्ग पर ग्राम कौड़िया के अंदर के भाग में भी देखी जा रही है। बताया जाता है कि जब इस सड़क का निर्माण हुआ था तो गांव के अंदर जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जो गुणवत्ता को अपराया गया था उसी समय क्षेत्र के अखबरों द्वारा गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर करते हुए क्षेत्र के नेताओं से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। मगर उस समय अधिकाकिारियों द्वारा बरती गई उदसीनता का परिणाम है कि इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो के चलते जहां वाहन चलाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर लोगों की जान के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। करोड़ो रूपया की लागत से लागत ग्राम कौड़िया के अंदर बनाई गई सीमेंट सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के कारण यह सड़क जगह जगह से टूटने लगी है। सड़क के बीचों बीच जानलेबा गड्ड़े निर्मित हो गए है, जिसके चलते यह गड्ढे राहगीरो के लिए जानलेबा सिद्ध हो रहे है, इस समय चल रहे बारिश के मौसम में सड़क पर निकले हुए गड्ढो में बरसात का पानी भरने के कारण दिखाई नही देते है और जब अचानक वाहन उनमें चला जाता है तो आये दिन छोटे वाहन चालकों को गिरते हुए देखा जाता है, इस सच्चाई को लेकर लगातार आबाज उठाने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है।

विद्युत खम्बों में मकड़ी की जाल की तरह उलझे हुये तार बारिश में रहे परेशानी का कारण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब बिजली लाईन बंद होती है तो बिजली विभाग के कर्मचारी निश्चित तौर अपनी जान जोखिम में डालते हुये कार्य करने में पीछे नही रहते है। मगर जिस तरह से बिजली खम्बों में अधिक कनेक्शन होने की स्थिति में खम्बों का हाल मकडी के जाल की तरह बन चुका है और वह अब बारिश के दिनों में परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहे है। क्योंकि जब किसी एक कनेक्शन में फाल्ट बनाता है तो उससे निकलने वाली चिंगारी संपूर्ण कनेक्शनों को अपनी चपेट में लेकर आग का रूप धारण कर लेती है जिसके चलते संपूर्ण क्षेत्र की लाईन बंद होने से नही चूक पाती है। क्योंकि बिजली विभाग द्वारा वर्षो पुरानी बिजली लाईनों में किसी भी प्रकार का बदलाव नही किये जाने के कारण जहां उन लाईनों में तार टूटने के साथ साथ अन्य खराबियां होने के कारण किसानों को सप्लाई होने वाली बिजली में बाधित होना पड़ता है, वही आये दिन झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली चिंगारियों के चलते क्षेत्र के किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले राख होते हुए देखी जाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्रामों के अंदर देखी जा रही है, जहां पर कुछ वर्ष पहले बिजली विभाग द्वारा तारों को निकलते हुये केबिल डाली गई है, मगर उसके रख रखाब में बरती जा रही उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि बारिश का मौसम शुरू होते ही बिजली खम्बो पर लगी हुई केबिल लाईनों में आये दिन फाल्ट बनने के कारण आग लगने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब अचाकन दो खम्बों में लगी हुई केबिल में अचानक आग लग जाने के कारण पूरे क्षेत्र की की बिजली लाईन बंद होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया, वह तो अच्छा हुआ कि ग्राम के अंदर कोई बड़ी घटना घटित नही हुई यदि बिजली केबिल में लगी हुई आग आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लेती तो निश्चित ही ग्राम के अंदर बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था।

पक्की सड़क की मांग पर छह घंटे चक्काजाम, समझाइश के बाद माने ग्रामीण

मुरमी टोला, कनेरी रैयत और कछरा टोला के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन







शहपुरा।

डिंडोरी जिले के मेंहदवानी जनपद क्षेत्र अंतर्गत मुरमी टोला, कनेरी रैयत और कछरा टोला के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को मेंहदवानी-शहपुरा मार्ग पर करीब छह घंटे तक चक्काजाम किया। प्रदर्शन में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और स्कूली विद्यार्थी भी शामिल हुए। चक्काजाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित रहा।ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर वे लंबे समय से जनपद पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क निर्माण की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे आवागमन के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। शहपुरा एसडीएम, नायब तहसीलदार, मेंहदवानी नायब तहसीलदार, शहपुरा थाना प्रभारी, मेंहदवानी जनपद के अधिकारी तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ ने ग्रामीणों से चर्चा की।अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग सुनी और सड़क निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। काफी देर तक चली बातचीत और समझाइश के बाद करीब छह घंटे पश्चात ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ ने ग्रामीणों को बताया कि संबंधित सड़क निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया होना शेष है। उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रक्रिया उच्च स्तर पर लंबित है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कराया जाएगा।

ग्रामीणों ने दी दोबारा आंदोलन की चेतावनी

प्रशासन की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, लेकिन उन्होंने सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द आगे बढ़ाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से सड़क निर्माण के लिए आवेदन और मांग करते आ रहे हैं। अब वे प्रशासन द्वारा बताई गई प्रक्रिया के आगे बढ़ने का इंतजार करेंगे। ग्रामीणों ने संकेत दिया कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः आंदोलन कर सकते हैं।

मोगली बाल उत्सव में अमरपुर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



अमरपुर। जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2026-27 में अमरपुर विकासखंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचे विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।जूनियर वर्ग में माध्यमिक शाला अलौनी की छात्रा राखी यादव एवं माध्यमिक शाला देवरी के छात्र विवेक नंदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से उनके विद्यालयों, शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद राखी यादव और विवेक नंदा अब राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव में अमरपुर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पेंच, सिवनी में किया जाएगा। विद्यार्थियों की इस सफलता से क्षेत्रवासियों को उनसे राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

सीनियर वर्ग में संदीपनि विद्यालय अमरपुर के विद्यार्थी सत्यम ठाकुर एवं आलिया परवीन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर मिली इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में भी उत्साह का माहौल है।विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों की उपलब्धि ने यह भी साबित किया कि ग्रामीण एवं विकासखंड स्तर के विद्यालयों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर विद्यार्थी उच्च स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।अमरपुर विकासखंड के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राखी यादव और विवेक नंदा के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी।

नगर परिषद ने किया सफाई मित्रों का सम्मान, बांटे सुरक्षा उपकरण



डिंडौरी। शासन के निर्देशानुसार 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत नगर परिषद डिंडौरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया तथा उन्हें **PPE** किट सहित आवश्यक सुरक्षा सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों को स्वच्छता कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अशोक सारस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी, सभापति रजनीश राय, पार्षद महेंद्र कुमार दहिया एवं नेता प्रतिपक्ष ज्योतिरादित्य भलावी उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सुरक्षा उपकरणों का नियमित एवं उचित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से नगर परिषद ने स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

सीएचसी अमरपुर में समय पर ओपीडी शुरू नहीं होने का आरोप

अमरपुर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में निर्धारित समय पर ओपीडी शुरू नहीं होने का मामला सामने आया है। बुधवार 30 सितंबर को सुबह करीब 9:31 बजे तक ओपीडी पर्ची काउंटर, बाह्य रोगी विभाग और इंजेक्शन कक्ष में ताला लगा दिखाई दिया। वहीं मौके पर डॉक्टर एवं कुछ कर्मचारी भी मौजूद नहीं मिले। अस्पताल परिसर में लगी सूचना के अनुसार ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तथा शाम 4 से 5 बजे तक निर्धारित है।मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार निर्धारित समय पर उपचार नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीएचसी में पदस्थ डॉ. सोनसिंह मरकाम से संपर्क करने पर उन्होंने स्वयं के बैठक में होने की बात कही और करीब 10 मिनट में पहुंचने की जानकारी दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय पर ओपीडी शुरू नहीं होना केवल एक दिन की समस्या नहीं है। उनका कहना है कि कई बार मरीजों को निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बावजूद चिकित्सकीय सेवाओं के लिए इंतजार करना पड़ता है। इससे विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और दूरदराज से आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराकर निर्धारित समय पर ओपीडी एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में समय पर उपचार नहीं मिलने से क्षेत्र में संचालित निजी क्लीनिकों की ओर मरीजों का रुख बढ़ रहा है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें निजी स्तर पर उपचार के लिए 500 से 1000 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि, क्षेत्र में संचालित कथित अवैध क्लीनिकों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्रवाई अथवा स्थिति की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डिंडोरी से सीएचसी में कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति और सीसीटीवी रिकॉर्ड की जांच कराने, ओपीडी निर्धारित समय पर संचालित कराने तथा क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे क्लीनिकों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

दशलक्षण पर्व के समापन पर निकली भव्य शोभायात्रा

डिंडोरी।





दिगंबर जैन समाज के पावन दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर बुधवार को नगर में भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई। 105 उपशांत मति माताजी के पावन सान्निध्य में आयोजित इस आयोजन में जैन समाज के महिला-पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान नगर का वातावरण धार्मिक जयघोष और भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर करीब 12:30 बजे श्री 1008 मुनिसुव्रत जिनालय से हुआ। शोभायात्रा में तीन श्रीजी के विमान प्रमुख आकर्षण रहे। इसके अलावा बैंड पार्टी, घोड़ों पर ध्वज, अष्ट द्रव्य के वाहन, मंगल कलश, आर्यिका संघ, पुरुष एवं युवा वर्ग, बालिका मंडल, महिला मंडल सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने सहभागिता की। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नीलम होटल के सामने पहुंची, जहां श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर का विमान भी इसमें शामिल हुआ। इसके बाद शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन कांच मंदिर पहुंची और जिला चिकित्सालय चौक होते हुए विद्यातन (विद्या वाटिका) कार्यक्रम स्थल पहुंची।

विधि-विधान से हुआ अभिषेक और शांतिधारा

विद्यातन कार्यक्रम स्थल पर 105 उपशांत मति माताजी के सान्निध्य में श्रीजी का संयुक्त अभिषेक एवं शांतिधारा पूजन विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्यार्जन किया। अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात माताजी के मंगल प्रवचन हुए। उन्होंने दशलक्षण पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मशुद्धि, संयम, त्याग, क्षमा एवं सदाचार को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक प्रवचन का श्रवण किया।दस दिवसीय दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन जैन समाज के लिए विशेष आध्यात्मिक महत्व का रहा। कार्यक्रम का समापन शाम करीब 4:30 बजे हुआ।

तीनों मंदिरों में हुई श्रीजी की स्थापना

कार्यक्रम के पश्चात श्रीजी की स्थापना निर्धारित मंदिरों में धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गई। सर्वप्रथम श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में श्रीजी की स्थापना की गई। इसके बाद शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ कांच मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से श्रीजी की स्थापना हुई। अंत में शोभायात्रा 105 उपशांत मति माताजी के सान्निध्य में श्री 1008 मुनिसुव्रत जिनालय पहुंची, जहां भी श्रीजी की स्थापना संपन्न कराई गई।शोभायात्रा की अग्रभाग व्यवस्था सत्येंद्र जैन, रितेश जैन पार्षद एवं सम्यक जैन अधिवक्ता ने संभाली। मध्य व्यवस्था में तीनों समितियों के अध्यक्ष, जैनम अध्यक्ष, बालिका मंडल अध्यक्ष एवं महिला मंडल अध्यक्ष सहित समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारियां निभाईं।आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग रहा। दशलक्षण पर्व के समापन पर निकली भव्य शोभायात्रा ने नगर में भक्ति, धर्म और आध्यात्मिकता का वातावरण निर्मित कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उत्साह ने आयोजन को विशेष बना दिया। आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर कमेटी द्वारा की गईं।

श्रीमद्भागवत महापुराण कथा श्रवण करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



अमरपुर। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में स्व. नोखे लाल यादव के वार्षिक तिथि, श्राद्ध दिनांक 03/10/2026 के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गुलाबवती यादव एवं उसके परिजनों के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन विगत 26 सितंबर से आयोजित किया गया हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का वाचन पं. श्री रमेश दत्त गौतम के मुखारविंद से सुनाई जा रही हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा श्रवण करने के लिए ग्रामवासियों के अलावा आस पास गांवों के भक्तजन भारी संख्या में पहुंच कर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद् भगवत महापुराण कथा दोपहर 12 से प्रारम्भ कर शाम 5 बजे तक सुनाई जा रही हैं। वहीं आगामी 3 अक्टूबर को विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाना हैं। 30 सितंबर को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई। वहीं पर आज 1 अक्टूबर को रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र की कथा एवं 2 अक्टूबर को परीक्षित मोक्ष आरती कथा विश्राम एवं हवन आयोजित की गई हैं। आयोजकों द्वारा श्रद्धालु भक्तजनों से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई हैं।

भुगतान की मांग को लेकर लोकल यूथ सर्वेयरों ने सौंपा ज्ञापन



शहपुरा। लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर शहपुरा तहसील क्षेत्र के लोकल यूथ सर्वेयरों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। करीब 25 से 30 सर्वेयरों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी मांग रखी। सर्वेयरों ने भुगतान की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई। सर्वेयरों का कहना है कि वे वर्ष 2024 से लगातार सर्वे एवं गिरदावरी का कार्य कर रहे हैं, लेकिन कार्य के एवज में मिलने वाला मानदेय अभी तक लंबित है। भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वेयरों के अनुसार, पूर्व में भी कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की जा चुकी है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ। लगातार मांग के बावजूद भुगतान नहीं होने पर सर्वेयरों ने अब सीएम हेल्पलाइन का सहारा लिया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से उनके लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। सर्वेयरों का कहना है कि उनके द्वारा किए गए कार्य का भुगतान समय पर होना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्वेयरों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। अब सर्वेयरों को लंबित भुगतान के संबंध में शासन स्तर से होने वाली कार्रवाई का इंतजार है।

किसानों एवं ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतों की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



शहपुरा - आम आदमी पार्टी जिला डिंडोरी ने किसानों एवं ग्रामीणों की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम एक विस्तृत ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिंडोरी रामबाबू देवांगन को सौंपा गया।ज्ञापन में किसानों, ग्रामीणों एवं आमजन से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। किसानों को समय पर कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा वितरित बीजों की गुणवत्ता की जांच, जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, नेटवर्क विहीन गांवों में मोबाइल नेटवर्क की व्यवस्था, मेहंदवानी क्षेत्र में पुल निर्माण तथा ग्राम चौबीसा में नल-कूप स्थापना जैसी महत्वपूर्ण मांगों को भी ज्ञापन में शामिल किया गया।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने कहा कि जिले के किसान एवं ग्रामीण लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि इन समस्याओं का समयबद्ध निराकरण नहीं किया गया तो पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। वहीं एडवोकेट विनय कुमार झारिया ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होना चाहिए। जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए आम आदमी पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी।ज्ञापन प्राप्त करते हुए एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने संबंधित मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट विनय कुमार झारिया, लीगल विंग जिला अध्यक्ष लवकुश झारिया एवं शुभम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जादू-टोने के शक में वृद्ध बुआ की हत्या, भतीजा हिरासत में

बजाग।



बजाग थाना क्षेत्र के वनग्राम चांड़ॉ में बुधवार सुबह कथित तौर पर जादू-टोना करने के संदेह में एक वृद्ध महिला की उसके सगे भतीजे ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार की पत्नी लमिया बाई पति जगतराम आयाम (66) बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने घर में घरेलू कार्य में व्यस्त थीं। बताया गया कि वह अपने दिवंगत नाती की वर्षी के कार्यक्रम की तैयारियां कर रही थीं। इसी दौरान उनका भतीजा संतोष उददे (45) हाथ में धारदार लोहे का बका लेकर घर में पहुंचा।आरोप है कि संतोष ने वृद्ध महिला को घर से बाहर खींचकर करीब पांच मीटर दूर ले गया और उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिए। गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी अपनी बुआ पर जादू-टोना करने का संदेह करता था। इसी संदेह के चलते हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की जांच जारी है और आरोप के पीछे की वास्तविक परिस्थितियां जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगी।घटना की सूचना मिलने पर बजाग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बजाग स्थित मर्चुरी भेजा। घटना के बाद आरोपी कथित तौर पर कुछ समय तक हाथ में हथियार लेकर घूमता रहा, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।पुलिस हत्या के कारणों, आरोपी के संदेह और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की विस्तृत जांच कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

लक्ष्य के लिए मेहनत करें विद्यार्थी: कलेक्टर

मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में आने वाली असफलताओं से निराश होने के बजाय अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें और निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ें। शासन विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अनेक सुविधाएं और योजनाएं संचालित कर रही है। इन सुविधाओं का लाभ लेकर विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई, प्रतिभा और भविष्य निर्माण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों तथा संभागीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।





विद्यार्थियों की शिक्षा में दूरी बाधा न बने

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जिले के कई गांवों में परिवहन एवं आवागमन की सुविधा सहज नहीं होने के कारण पहले विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज आने-जाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। शासन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई निरंतर जारी रखने और उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को निरूशुल्क साइकिल तथा मेधावी विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने पर मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत निरूशुल्क स्कूटी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य यही है कि स्कूल या कॉलेज की दूरी बच्चों की पढ़ाई में बाधा न बने। शासन विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। नरसिंहपुर में सांदीपनि विद्यालय भी विद्यार्थियों की शिक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित रूप से बनाया गया है।

विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए वाहन चलाते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के स्कूटी नहीं चलाएं और अपना लर्निंग लाइसेंस जरूर बनवाएं। स्कूटी चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस बार सफल नहीं हुए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। वे अभी से मेहनत और लगन के साथ तैयारी करें, ताकि आगे चलकर वे भी सफलता प्राप्त कर सकें। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के साथ उत्तीर्ण होने वाले छह मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई। इनमें तेजस्वी विश्वकर्मा एवं इंद्रपाल विश्वकर्मा, कीरत सेन, स्पर्श विश्वकर्मा, स्नेहा साहू तथा हेमंत रजक शामिल हैं।

चित्रकला की पांच प्रतिभाओं का सम्मान

जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट चित्रकला एवं पोस्टर के लिए चयनित पांच प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं उनके चित्र की प्रतिकृति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें परी गौतम, मुस्कान चैधरी, प्रियंका मेहरा, काव्या नागरिया, लखपति दीदी तथा आयुषी अहिरवार कक्षा 12वीं गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल साईंखेड़ा-चंद्रयान विषय पर उत्कृष्ट चित्र बनाने वाली प्रतिभागी शामिल हैं। संभागीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एमएलबी शासकीय विद्यालय की छात्राएं पार्वती मल्लाह एवं लक्ष्मी मल्लाह का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने दोनों छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

खबर संक्षेप

नव विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम में नवविवाहिता द्वारा फांसी लगा ली। परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कार्य कर शव का परीक्षण करा कर परिजनों को सौंप दिया।

60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



नरसिंहपुर। विगत दिवस थाना क्षेत्र करेली के सुकराना होटल के सामने गोंगावली रोड पान टपरा के पास से एक व्यक्ति को 60 लीटर कच्ची शराब रखे था जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम संजू ठाकुर पिता धरम सिंह ठाकुर उम्र 50 साल निवासी राजेन्द्र वार्ड करेली का रहना बताया। जिसके कब्जे से 60 लीटर महुआ की कच्ची शराब जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6000 रूपये है जप्ती की गयी है। आरोपी के खिलाफ संबंधित थाना करेली मे अप.क्र.न. 920/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे, उप निरीक्षक विजय धुर्वे, प्र.आर. राजेन्द्र उइके आर. चेतन तंतुवाय, आर. कपिल राजपूत, आर. लक्ष्मी नगपुरे, आर. सचिन लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जनसंवाद शिविर का आयोजन 3 को

नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार 3 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय चावरपाठा में में जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

बहुजनों के साथ मिलकर प्रदेश में जय भीम का झंडा गाड़ेंगे



तेंदूखेड़ा। बुधवार को तेंदूखेड़ा के अंबेडकर पार्क के सामने आजाद समाज पार्टी के सांसद दामोदर यादव ने किसान एवं युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि हम दलित आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ बहुजन समाज की दम पर मप्र की धरती पर 2028 के चुनावों में जय भीम का झंडा गाड़ना है। अंबेडकर और कांशीराम के अनुयाई हैं। वर्तमान में सोशल मीडिया पर गालियां देने का ट्रेड चल रहा है। लेकिन एक दिन ऐसा भी आयेगा कि हमारे लिए तालियां जरुर बजायेगें। संविधान के दायरे में रहकर हम दलितों पिछड़ों आदिवासियों की आवाज बुलंद कर रहे हैं।मंडल कमीशन का हवाला देते हुए हमारी संख्या 90 प्रतिशत फिर हम लाभ से वंचित क्यों।30 वर्षों से राजनैतिक क्षेत्र में और 30 बार ही जेल गया।पर्ची वाले बाबा की चुटकी लेते हुए 11 अक्टूबर से निकाल रहे हिंदू राष्ट्र यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम भी बहुजन राष्ट्र यात्रा निकालेंगे। संविधान के विचारों के आधार पर एकता बनायेंगे।भारत की आत्मा उसका संविधान है। मजदूर किसान के बेटे हैं। मप्र में पिछड़े वर्ग के मुख्यमंत्री बनें फिर 14 प्रतिशत आरक्षण क्यों। कांग्रेस के जीतू पटवारी चुप क्यों बैठे हैं।आदिवासी वर्ग का उपयोग हो रहा है।इस संवाद कार्यक्रम को अमोल सिंह रावत शिवराज गौतम छोटे इटोरया और राज तिलगाम ने भी संबोधित किया।मंच संचालन डा मेहरबान सिंह ने किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर द्वारा जिला मुख्यालय में वृहद धरना, प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता आशीष गुप्ता एवं अजय दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में जिलेभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चा एवं संगठनों के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लंबे समय बाद जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में कांग्रेस का इतना व्यापक एवं संगठित कार्यक्रम देखने को मिला, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकजुट होकर पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता के मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसके विश्वास का आधार है।

रैली निकालकर टीबी मुक्त भारत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के एनसीसी कैडेट्स द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का आयोजन 1 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रजत शेरावत के निर्देशन में किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर एमएलबी चौराहा एवं नगर पालिका चौराहा होते हुए स्टेडियम ग्राउंड, नरसिंहपुर पहुंची। एनसीसी कैडेट्स ने रैली के माध्यम से आमजन को टीबी से बचाव एवं इसके प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैली के दौरान नगरपालिका परिसर में उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षणों एवं इससे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। कैडेट्स ने बताया कि लंबे समय तक खांसी, तेज बुखार आदि लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें तथा चिकित्सकीय परामर्श लेकर आवश्यक जांच एवं उपचार कराएं।



जनजागरूकता रैली में एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर राधेश्याम, अंडर ऑफिसर मोहित सेन, अंडर ऑफिसर पूर्वी जाट, एनसीसी छात्रा विंग प्रभारी डॉ. शिवानी शिवहरे एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा जनजागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति तथा युवाओं को कैरियर एवं उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नरसिंहपुर द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में विद्यार्थियों के लिए कैरियर एवं उद्यमिता काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को स्वरोजगार, उद्यमिता एवं उद्योग स्थापना के अवसरों की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना एवं स्टार्टअप नीति-2025 के तहत उपलब्ध ऋण एवं प्रोत्साहन सुविधाओं तथा उद्योग स्थापना की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर हितग्राहियों से श्री पटेल ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देवरीकला पंचायत के ग्राम डेढ़वारा-झिरना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों से सीधे संवाद किया और योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। कार्यक्रम में हितग्राहियों के सम्मान का आयोजन भी किया गया। श्री पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए 'मेरी आंगनबाड़ी, मेरी जिम्मेदारी' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के प्रारंभिक विकास और माताओं-बच्चों से जुड़ी सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव भी साझा किए। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने दी।



सरकारी ड्यूटी या निजी प्रैक्टिस? गोटेगांव CHC में चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल, बीएमओ की भूमिका भी जांच के घेरे



मेंगोटेगांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में पदस्थ कुछ चिकित्सकों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि शासकीय सेवा में पदस्थ चिकित्सक निर्धारित ड्यूटी समय के दौरान शासकीय अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध रहने के बजाय अपने सरकारी आवास अथवा अस्पताल के बाहर निजी तौर पर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के अधिकार और विभागीय व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मामला हो सकता है।जानकारी के अनुसार डॉ. इंदल सिंह दंडोतिया के संबंध में आरोप है कि वे समीर मेडिकल हॉस्पिटल के सामने स्थित निजी क्लीनिक में मरीजों का उपचार करते हैं। वहीं डॉ. रजनी सिंह के संबंध में सरकारी आवास से निजी क्लीनिक संचालित किए जाने का आरोप लगाया गया है। हाल ही में पदस्थ हुईं डॉ. निष्ठा अग्रवाल को लेकर भी सरकारी आवास से निजी मरीजों का उपचार किए जाने की शिकायत सामने आई है। इन सभी आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच आवश्यक है।मामले को गंभीर बनाने वाली बात यह है कि शिकायत के संबंध में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी शंकर सिंह धुर्वे को बीते सप्ताह जानकारी दी गई थी। इसके बाद इस सप्ताह पुनः उनसे संपर्क कर मामले की स्थिति एवं विभागीय कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि दोनों अवसरों पर स्पष्ट जानकारी देने के बजाय मामले को टालने अथवा भ्रमित करने का प्रयास किया गया।इस संबंध में हुई बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने का दावा किया गया है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।बताया गया है कि पूर्व बातचीत के दौरान बीएमओ द्वारा यह स्वीकार किए जाने का दावा है कि शासकीय चिकित्सकों की ड्यूटी का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक है, लेकिन चिकित्सक लगभग 1 बजे तक ओपीडी में रहने के बाद भोजन के लिए अपने सरकारी आवास चले जाते हैं। यदि यह कथन रिकॉर्डिंग में प्रमाणित होता है तो यह अपने आप में विभागीय जांच का विषय है कि निर्धारित ड्यूटी अवधि में चिकित्सकों की वास्तविक उपस्थिति कहां और किस कार्य में रहती है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि दोपहर 1 बजे के बाद शासकीय अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को चिकित्सा सुविधा कौन उपलब्ध कराता है? यदि चिकित्सक सरकारी ड्यूटी पर हैं तो अस्पताल में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? और यदि वे सरकारी आवास पर रहते हैं, तो क्या उस दौरान वे सरकारी मरीजों का उपचार करते हैं या निजी मरीजों का?शिकायतकर्ता पक्ष का यह भी आरोप है कि जब अस्पताल की कवरेज अथवा निरीक्षण के लिए कोई संवाददाता पहुंचता है, तो डॉक्टरों के भोजन के लिए घर जाने की बात सामने आती है। ऐसे में विभाग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या चिकित्सकों के दोपहर बाद अस्पताल से बाहर रहने की कोई स्वीकृत व्यवस्था है और यदि है तो उसकी अवधि, आदेश एवं वैकल्पिक चिकित्सकीय व्यवस्था क्या है।यदि यह आरोप सही पाया जाता है कि निर्धारित शासकीय ड्यूटी के दौरान चिकित्सक निजी मरीजों का उपचार करते हैं, तो इसका सीधा प्रभाव उन ग्रामीण और गरीब मरीजों पर पड़ सकता है जो सरकारी अस्पताल में निःशुल्क या निर्धारित शासकीय स्वास्थ्य सुविधा की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को निजी क्लीनिक का रुख करना पड़ सकता है और वहां उन्हें निजी उपचार शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है।अब जांच इन बिंदुओं पर जरूरीस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए—- संबंधित चिकित्सकों की निर्धारित ड्यूटी एवं रोस्टर की जांच करनी चाहिए।- बायोमेट्रिक/उपस्थिति रजिस्टर की जांच की जानी चाहिए।- सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की ओपीडी एवं मरीज पंजीयन रिकॉर्ड का मिलान किया जाना चाहिए।- दोपहर 1 बजे के बाद अस्पताल में चिकित्सकों की वास्तविक उपस्थिति की जांच की जानी चाहिए।- सरकारी आवास से कथित निजी प्रैक्टिस की शिकायतों का स्वतंत्र सत्यापन कराया जाना चाहिए।- संबंधित निजी क्लीनिकों में चिकित्सकों की उपस्थिति एवं निजी मरीजों के उपचार संबंधी शिकायतों की जांच की जानी चाहिए।- बीएमओ को पूर्व में दी गई शिकायतों और उनके द्वारा की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड मांगा जाना चाहिए।- उपलब्ध कॉल रिकॉर्डिंग की विधिसम्मत जांच की जानी चाहिए।- संबंधित चिकित्सकों एवं बीएमओ का लिखित पक्ष लिया जाना चाहिए।- जांच पूरी होने तक मरीजों को दोपहर बाद भी शासकीय चिकित्सा सुविधा सुचारु रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।CMHO और वरिष्ठ



फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, नरसिंहपुर द्वारा करेली में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विशाल मेश्राम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत करेली की अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार एवं राष्ट्रीय बीज निगम के श्री नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान एवं गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बचे फसल अवशेष अर्थात पराली को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा फसल अवशेषों के पर्यावरण अनुकूल, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन के लिए प्रेरित करना था। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि फसल अवशेष खेत के लिए अनुपयोगी अपशिष्ट नहीं हैं। उचित प्रबंधन किए जाने पर इनका उपयोग मृदा में जैविक पदार्थ बढ़ाने, नमी संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य सुधारने में किया जा सकता है। वहीं फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।